# कार्यालय
## अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

E-Mail ID
ee_cd_kannuaj@yahoo.com
eecdupjnkannauj@gmail.com

जल सारथी


पत्रांकः– 1595 / कार्य-3 / 147 दिनांकः– 7/07/26

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ ।

**विषय- दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "उमर्दा में जल जीवन मिशन की लापरवाही: अधूरी खुदाई से सड़कें खराब, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 04.07.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "उमर्दा में जल जीवन मिशन की लापरवाही: अधूरी खुदाई से सड़कें खराब, ग्रामीण परेशान" के शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड उमर्दा ग्राम पंचायत उमर्दा पुर्नगठन पेयजल योजना का कार्य फर्म मै0 वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है ।

ग्राम पंचायत उमर्दा पुर्नगठन पेयजल योजना विकास खण्ड उमर्दा के जोन-1 में पूर्व निर्मित बाउन्ड्रीवाल व पम्प हाउस एवं अवर जलाशय के मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्वक कराते हुए सौर ऊर्जा अधिष्ठापित कर योजना पर नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा जोन-2 में नया बाउन्ड्रीवाल व पम्प हाउस का निर्माण गुणवत्तापूर्वक कराते हुए अवर जलाशय का कार्य स्टेजिंग तक पूर्ण करा दिया गया है, लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी सड़कों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है अवशेष मार्गों को भी मोटरेबल कराया गया है एवं प्रश्नगत क्षतिग्रस्त सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करा दिया गया है ।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

भवदीय
(हस्ताक्षर)
( ए0 के0 राव )
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः– / / दिनांकः–

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ ।
2- मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर ।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर ।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner